भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2109
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

राष्ट्रीय पर्यटक स्थल के लिए प्रस्ताव

†2109. श्री प्रदीप पुरोहितः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क्या सरकार के पास ओडिशा राज्य में जिला बरगढ़ के अंतर्गत नृसिंघनाथ और जिला बालंगीर के अंतर्गत हरशंकर को, उनके ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को देखते हुए, राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित करने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

पर्यटन मंत्रालय की राष्ट्रीय पर्यटक स्थल घोषित करने संबंधी कोई योजना नहीं है । हालांकि पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान कर पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है । ओडिशा राज्य में उक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से हाल ही में स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है । राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के परामर्श से और योजना दिशा-निर्देशों के अनुरूप पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा में 'खिंडा गाँव के विशेष आकर्षण के साथ-साथ डिब्रीगढ़' और 'कोरापुट' सहित देश में 57 गंतव्यों को एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए चिह्नित किया है ।

इसके अलावा पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत ओडिशा में 'चौसठ योगिनी मंदिर' (बालांगीर ज़िला) और 'माँ किचकेशवरी मंदिर' (मयूरभंज ज़िला) को भी चिह्नित किया है ।

*****

अनुबंध

श्री प्रदीप पुरोहित द्वारा राष्ट्रीय पर्यटक स्थल के लिए प्रस्ताव के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2109 के उत्तर में **विवरण**

(i) ओडिशा राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
तटीय परिपथ 2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तम्पारा का विकास	70.82

(ii) ओडिशा राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	अनुमोदित लागत
2014-15	पुरी में अवसंरचना का विकास	50.00

*****